दिनांक–31.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार थमा। कल आठ राज्यों की 57 सीटों पर होगा मतदान।
- रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिषत होने का अनुमान जताया।
- मध्यप्रदेष विधानसभा का मॉनसून सत्र एक जुलाई से।
- प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी। 15 से 20 जून तक दस्तक देगा मॉनसून।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार कल थम गया है। कल एक जून को सातवें और अंतिम चरण का मतदान होगा। इस चरण में आठ राज्यों और केन्द्रषासित चंडीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल सभी राजनीतिक दल प्रचार में जुटे रहे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आनंदपुर साहिब के नांगल में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजाब एवं उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ओडिषा के बालेश्वर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमुलिया में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। वहीं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी विभिन्न जिलों में रोड शो किया, जबकि बिहार में राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव ने पार्टी के लिए चुनाव प्रचार किया।

जीडीपी वृद्धि

भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। वार्षिक रिपोर्ट में बैंक ने कहा है कि वर्ष 2024–25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर समान रूप से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ी। इस दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पिछले वर्ष के 7 प्रतिशत से बढ़कर 7 दशमलव 6 प्रतिशत हो गई। व्यापक आर्थिक बुनियादी आधार और कॉर्पोरेट क्षेत्र मजबूत है, साथ ही बाहरी आर्थिक क्षेत्र में भी उबरने की शक्ति मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2023–24 में केंद्रीय बैंक की आय में वार्षिक आधार पर लगभग 17 प्रतिशत की बढोतरी हुई।

सी ई सी–मतदान अफवाह–शब्द

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले फैल रही अफवाहों को खारिज किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढने से जुडी अफवाह देशभर में फैल रही है।

उन्होंने कहा कि कोई भी मतदान प्रतिशत नहीं बढा सकता है क्योंकि उम्मीदवारों और एजेन्टों को फॉर्म 17–सी की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाती है जिसमें मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड होता है। वोटों से छेडछाड से जुडी अफवाहों पर श्री कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत के आंकडों और ई वी एम की सभी जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी गई है।

निजी विद्यालय–प्रदेष

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं। इनमें कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट पाठ्य–पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

विधानसभा सत्र–प्रदेष

मध्यप्रदेष विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र 19 जुलाई तक चलेगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेष प्रताप सिंह ने बताया कि इस सत्र के दौरान कुल 14 बैठकें होंगी। प्रष्नकाल और अन्य विधायी कार्य सम्पन्न किये जायेंगे। सरकार इस सत्र में पूर्ण बजट पेष करेगी। उन्होंने बताया कि सत्र के लिये षासकीय विधेयकों की सूचनाए 19 जून, अषासकीय संकल्पों की सूचनाए 20 जून तक प्राप्त की जा सकेंगी। जबकि स्थगन और ध्यान आकर्षण की सूचनाए सदस्य 25 जून तक दे सकेंगे।

नर्सिंग कॉलेज कार्रवाई–प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता के संबंध में हुई गड़बड़ियों को लेकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया है कि नर्सिंग कौंसिल के तत्कालीन अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। सीबीआई जाँच में अनुपयुक्त पाये गये 66 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता पूर्व से ही निरस्त की जा चुकी है। कॉलेजों का निरीक्षण करने वाले दलों के सदस्यों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई प्रारंभ की गयी है। विभाग के कुल 111 निरीक्षणकर्ताओं को कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया गया है। वहीं राजस्व विभाग के 14 अधिकारियों के विरूद्ध भी अनुषासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

प्रेक्षक नियुक्ति–प्रदेष

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेष में 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिये 116 प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी चार चरणों की तैयारी पूरी हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में मतगणना की निगरानी के लिए इन मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक सभी 29 लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए मतगणना प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

मौसम–प्रदेष

प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी है। नौतपे के छटवें दिन सबसे अधिक 48 दषमलव 2 डिग्री सेल्सियस पारा सीधी में दर्ज किया गया। खजुराहो में 47 और निवाड़ी के पृथ्वीपुर 46.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इस बीच कल केरल में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। प्रदेष में 15 से 20 जून तक मॉनसून का आगमन होगा। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि एक नए पष्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत की तरफ बढ़ने के आसार हैं। इससे हवाओं का रुख बदलने से तापमान में कुछ गिरावट होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आज के लिए 14 जिलों में लू का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें राजगढ़, भिंड मुरैना शामिल है।

मुक्केबाज़ी–ओलम्पिक क्वालिफिकेशन

बैंकॉक में बॉक्सिग वर्ल्ड क्वालीफायर में भारत के सचिन सिवाच, संजीत कुमार, अमित पंघाल और जैस्मीन मुक्केबाज़ी के अगले दौर में पहुंच कर पेरिस ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई करने के क्रम में एक और कदम आगे बढ़ गए हैं। सिवाच ने 57 किलोग्राम वर्ग प्री–क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को पांच–शून्य से हराया। इसके बाद संजीत ने भी 92 किलोग्राम वर्ग के राउंड ऑफ थर्टी टू में वेनेजुएला के लुइस सांचेज़ को पांच–शून्य से पराजित किया। बैंकॉक वर्ल्ड क्वालीफायर के बाद के एक और मुकाबले में महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में राउंड ऑफ थर्टी टू में जैस्मीन ने अजरबाइजान की महसती हमज़ायेवा को पांच शून्य से परास्त किया, जबकि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल ने 51 किलोग्राम वर्ग में मैक्सिको के मौरिसियो रुइज़ को 4–1 से हरा कर भारतीय खेमे में खुशी की लहर पैदा कर दी।

समाचार संक्षेप में .....

- आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर तम्बाकू के दुस्परिणों को लेकर प्रदेषभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आगरमालवा जिला मुख्यालय पर तम्बाकू निषेध जन–जागृति रैली निकाली जाएगी।
- इंदौर विकास योजना–2041 को बेहतर, जनसुविधाओं से युक्त और जनोपयोगी बनाने के बारे में आज यहाँ कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर शहर के विकास से जुड़े संघटनों, संस्थाओं, स्टेक होल्डर्स आदि की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंदौर विकास योजना के बारे में विस्तृत विचार विमर्श कर सुझाव लिये गये।
- शिवपुरी जिले में अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध अभियान जारी है। जिले में पिछोर, करैरा एवं नरवर में अवैध रेत खनन पर कार्यवाही की गई है और कई वाहन जप्त किए गए हैं।
- षाजापुर जिला कलेक्टर के निर्देशन में भूमिगत जल स्तर में वृद्धि एवं भूमि के कटाव को रोकने के लिए जिले में जल संरक्षण के लिए 1042 संरचनाओं का निर्माण जनसहयोग से किया जा रहा है।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने माता के दर्शन–पूजन किए व सुख–समृद्धि की कामना की।

......................